# कुलपति ने कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का किया निरीक्षण

दि ग्राम टुडे,कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कर शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कुलपति ने महाविद्यालय में उपलब्ध शिक्षकों एवं शैक्षणिक कार्मिकों की जानकारी लेते हुए सभी संकाय सदस्यों के साथ बैठक की। अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) डी. सिंह ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं को शीघ्र सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों से आपसी समन्वय एवं सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और विकास को नई गति देने का आह्वान किया।



इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. डी. सिंह ने कुलपति का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। महाविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर



# कुलपति ने कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर का किया भ्रमण



नेशनल एक्सप्रेस

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित बाबा साहब डा० भीम राव अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय परिसर का कुलपति डा० संजीव गुप्ता द्वारा भ्रमण किया गया तथा महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। महाविद्यालय में उपलब्ध शिक्षकों एवं शैक्षणिक कार्मिकों की जानकारी के साथ सभी संकाय सदस्यों के साथ बैठक की। महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफे० (डा०) डी० सिंह द्वारा महाविद्यालय की विस्तृत जानकारी दी गई। कुलपति ने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं को अतिशीघ्र सुदृढ करने की बात कही। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों द्वारा आपस में सामन्जस्य बनाते हुये महाविद्यालय की उन्नति हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये। कुलपति का स्वागत अधिष्ठाता डॉक्टर डी सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक/अधिकारी उपस्थित रहे।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 18 अंक : 50 कानपुर, मंगलवार 18 अगस्त 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# छः दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का शुभारंभ

कानपुर । चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के पादप रोग विज्ञान विभाग द्वारा 17 अगस्त से 22 अगस्त 2026 तक आयोजित छह दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ आज विभाग के मशरूम प्रशिक्षण कक्ष में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक प्रबंधन तथा स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पादप रोग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मशरूम उत्पादन की आर्थिक उपयोगिता,पोषण महत्व,रोजगार सृजन की संभावनाओं तथा वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों पर विस्तृत व्याख्यान दिया।उन्होंने प्रतिभागियों को आधुनिक कृषि में मशरूम उत्पादन की बढ़ती उपयोगिता एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों का प्रयोगशाला भ्रमण भी




कराया गया, जिसमें डॉ. शिवानी चौधरी, डॉ. सिद्धार्थ सिंह एवं डॉ. सेंथिलकुमार एस टीचिंग एसोसिएट ने मशरूम स्पॉन उत्पादन, कम्पोस्ट तैयार करने की विधि, उत्पादन कक्ष की व्यवस्था तथा प्रयोगशाला में अपनाई जाने वाली वैज्ञानिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन कराते हुए विस्तृत जानकारी प्रदान की। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों के कौशल विकास, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा वैज्ञानिक मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित    वर्ष : 18   अंक : 50   कानपुर, मंगलवार 18 अगस्त 2026   नगर संस्करण   पृष्ठ 12   मूल्य : 2.00 रुपए

# राष्ट्रीय स्वरूप

## कुलपति ने कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर का किया भ्रमण

कानपुर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी



विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित बाबा साहब डा0 भीम राव अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय परिसर का कुलपति डा0 संजीव गुप्ता द्वारा भ्रमण किया गया तथा महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। महाविद्यालय में उपलब्ध शिक्षकों एवं शैक्षणिक कार्मिकों की जानकारी के साथ सभी संकाय सदस्यों के साथ बैठक की। महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफे0 (डा0) डी0 सिंह द्वारा महाविद्यालय की विस्तृत जानकारी दी गई। कुलपति ने महाविद्यालय की व्यवस्थाओं को अतिशीघ्र सुदृढ करने की बात कही। उन्होंने सभी संकाय सदस्यों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों द्वारा आपस में सामन्जस्य बनाते हुये महाविद्यालय की उन्नति हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये। कुलपति का स्वागत अधिष्ठाता डॉक्टर डी सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक/अधिकारी उपस्थित रहे।